भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1709
उत्तर देने की तारीख : 29.07.2026

लोक संवर्धन पर्व

1709. श्री रमेश अवस्थी:
डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास) योजना के अंतर्गत आयोजित 'लोक संवर्धन पर्व' के उद्देश्य और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;
(ख) क्या सरकार ने स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और पाक कला विशेषज्ञों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को बाजार तक पहुंच, व्यवसाय विकास और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करने हेतु विभिन्न स्थानों पर 'लोक संवर्धन पर्व' का आयोजन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) छठे 'लोक संवर्धन पर्व' में कितने कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के भाग लेने की संभावना है, और विपणन, व्यवसाय विकास और निर्यात संवर्धन के लिए उन्हें प्रदान की जा रही संस्थागत सहायता का ब्यौरा क्या है;
(घ) सरकार द्वारा विशेष रूप से तमिलनाडु में ऐसी पहलों के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों के कारीगरों के लिए बाजार तक पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने हेतु क्या उपाय किए गए हैं, और
(ङ) क्या सरकार का अन्य राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में भी ऐसे आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) पीएम विकास योजना के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा 'लोक संवर्धन पर्व' का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से देशभर के अल्पसंख्यक कारीगरों को एक साझा मंच प्रदान किया जाता है ताकि वे अपने व्यवसाय एवं कार्यों का विस्तार कर सकें। यह मंच कारीगरों को अपनी पारंपरिक कलाओं, हस्तशिल्पों तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने का एक विशिष्ट अवसर प्रदान करता है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल अल्पसंख्यक समुदायों की पारंपरिक कलाओं एवं शिल्पों को बढ़ावा देना है, बल्कि कारीगरों के लिए नवाचार एवं उद्यमिता हेतु उपयुक्त वातावरण तैयार करना भी है।

(ख) अब तक मंत्रालय द्वारा निम्नानुसार 06 लोक संवर्धन पर्व आयोजित किए जा चुके हैं:

i. जुलाई, 2024 – दिल्ली हाट, आईएनए, नई दिल्ली
ii. जनवरी, 2025 – बाबा खड़क सिंह मार्ग, नई दिल्ली
iii. अप्रैल, 2025 – दीक्षांत समारोह मैदान, कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर
iv. जून, 2025 – गांधी दर्शन, राजघाट, नई दिल्ली
v. अगस्त–सितंबर, 2025 – मरीन ड्राइव प्रदर्शनी क्षेत्र, कोच्चि, केरल
vi. जुलाई, 2026 – परेड ग्राउंड, देहरादून, उत्तराखंड

(ग) एवं (घ) छठा लोक संवर्धन पर्व 11 से 17 जुलाई, 2026 तक परेड ग्राउंड, देहरादून, उत्तराखंड में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस आयोजन में 150 शिल्प एवं पाक-कला स्टॉल स्थापित किए गए, जिनके माध्यम से देशभर के कारीगरों, शिल्पकारों, बुनकरों एवं पाक-कला विशेषज्ञों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का अवसर प्राप्त हुआ। कारीगरों के कौशल संवर्धन हेतु विपणन, निर्यात एवं ऑनलाइन व्यवसाय, डिज़ाइन, कराधान, बिक्री आदि विषयों पर मंत्रालय द्वारा हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (EPCH) के सहयोग से कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिससे उनकी प्रतिभा को और निखारने तथा आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा सका।

लोक संवर्धन पर्व के लाभ तमिलनाडु सहित सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के पात्र प्रतिभागियों के लिए उपलब्ध हैं, जिससे कारीगरों एवं पारंपरिक शिल्पकारों को बाजार तक पहुँच एवं व्यावसायिक अवसर प्राप्त होते हैं।

(ङ) मंत्रालय ने पीएम विकास योजना के अंतर्गत राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में लोक संवर्धन पर्व के आयोजन के लिए एक रूपरेखा जारी की है। अन्य स्थानों पर ऐसे आयोजन को करवाने के लिए समय-समय पर विचार किया जाता है, यह आयोजन पात्र कार्यान्वयन एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त होने, निधियों की उपलब्धता तथा निर्धारित दिशानिर्देशों को पूरा किए जाने के अध्यधीन रहता है।

*****